विहार सरकार

# STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
# राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार

परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना - 800 014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800 014,
Tel : 0612-2290340, 2281545, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन

आनन्द किशोर, भा०प्र०से०
कार्यपालक निदेशक

संचिका संख्या SHSB/PM/182/07 –I
आदेश संख्या 8499 दिनांक 01.12.14

## कार्यालय आदेश

राज्य के अस्पतालों में आवश्यक दवाओं/चिकित्सीय सामग्रियों की जिलों के स्तर से स्वयं क्रय करने हेतु Drug Tender Round VIII में M/s Jajoo Surgical Pvt. Ltd., A/002, Paaneel Apartment, Eskay Club, Link Road, Borivali, Mumbai- 400 103 निर्माण स्थल- 61/A, 62, Industrial Area No. 3, A.B. Road, Dewas- 455 001 (MP) का Absorbent Cotton Wool IP 400 gms का दर अनुबंध कर कार्यालय पत्रांक 29695 दिनांक 27.08.2011 के द्वारा जिलों के सिविल सर्जन एवं चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों को संसूचित किया गया था।

2. राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना के पत्रांक 15/औ० 01-2013-467(15) दिनांक 26.4.2013 के द्वारा सूचित किया गया है कि M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. 61A, 62 Industrial Area No.-3, A B Road, Dewas 455001 (M.P.) द्वारा निर्मित Absorbent Cotton wool I.P.- 400 gms के पाँच बैच नं० 02, 03, 01, 175, 186 निर्माण की तिथि 04/11 एवं 02/11, अवसान की तिथि- निर्माण की तिथि से तीन वर्षो तक, की गुणवत्ता बिहार ड्रग कन्ट्रोल लेबोरेटरी, अगमकुआँ, पटना में जाँचोपरान्त सरकारी विश्लेषक के द्वारा निम्नस्तरीय (not of standard quality) घोषित किया गया है।

3. राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार के पत्रांक 15/औ० 01-2013-467(15) दिनांक 26.4.2013 के द्वारा सभी अधीक्षक, चिकित्सा महाविधालय अस्पताल एवं सिविल सर्जन को उक्त पाँच संदर्भित बैचों के अवमानक स्तर (निम्नस्तरीय) के पाये जाने की सूचना देते हुये उक्त सामग्री के क्रय-विक्रय एवं व्यवहार पर रोक लगाते हुये शेष भंडारण को आपूर्तिकर्त्ता संस्थान को वापस करने का निदेश दिया गया। पत्र की प्रतिलिपि सभी औषधि निरीक्षकों को पृष्ठांकित करते हुये एतद् संबंधी सभी कार्रवाई अविलंब पूरी करने का निदेश दिया गया।

4. उक्त के परिप्रेक्ष्य में राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार के पत्रांक 4324 दिनांक 22.05.2013 के द्वारा सभी अधीक्षक, चिकित्सा महाविधालय अस्पताल एवं सिविल सर्जन को M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. 61A, 62 Industrial Area No.-3, A B Road, Dewas 455001 (M.P.) द्वारा निर्मित Absorbent Cotton wool I.P. के पाँच बैच नं० 02, 03, 01, 175, 186 के उपयोग एवं वितरण पर रोक लगाते हुये अप्रयुक्त भंडार (unused stock) को संबंधित निर्माता संस्थान को वापस कर क्रय राशि वसूल करने कर निदेश दिया गया है।

5. राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना के पत्रांक 539(15) दिनांक 13.05.2013 के द्वारा M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. 61A, 62 Industrial Area No.-3, A B Road, Dewas 455001 (M.P.) से कारणपृच्छा किया गया कि किस परिस्थिति में आपके निर्माण संस्थान के द्वारा अवमानक स्तर की सामग्री का निर्माण किया गया।

Contd..2

6. राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार के कार्यालय पत्रांक 4325 दिनांक 22.05.2013 एवं राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना के पत्रांक 539(15) दिनांक 13.05.2013 के द्वारा M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. 61A. 62 Industrial Area No.-3. A B Road. Dewas 455001 (M.P.) से कारणपृच्छा किया गया था जिसके आलोक में संबंधित निर्माता संस्थान से प्राप्त स्पष्टीकरण समीक्षोपरांत संतोषजनक एवं स्वीकार करने योग्य नहीं पाया गया है।

7. उक्त सभी बिन्दुओं पर व्यापक समीक्षा की गयी एवं सम्यक विचारोपरांत M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. 61A. 62 Industrial Area No.-3. A B Road. Dewas 455001 (M.P.) के द्वारा निर्मित्त Absorbent Cotton Wool IP-400gms की पाँच बैचों की गुणवत्ता अवमानक स्तर (Not of Standard Quality) के पाये जाने के कारण निविदा आमंत्रण सूचना के Tender Condition की कंडिका 'o' एवं 't' की शर्त का उल्लंघन तथा राज्य के स्वास्थ्य संस्थानों को निम्नस्तरीय Absorbent Cotton की आपूर्ति करने के आरोप में दर अनुबंध की कंडिका 07.02. 07.05. 16.01)b). 24.01 तथा जिलों को भेजी गयी दर संसूचन पत्र के Term & Condition 08.05. 08.08. 08.11 एवं 12 में सन्निहित प्रावधानों के तहत M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. 61A. 62 Industrial Area No.-3. A B Road. Dewas 455 001 (M.P.) को पाँच वर्षो के लिए काली सूची में दर्ज करते हुए उक्त निर्माता संस्थान को बिहार सरकार के स्वास्थ्य विभाग/राज्य स्वास्थ्य समिति/जिला स्वास्थ्य समिति के द्वारा आमंत्रित किसी भी निविदा में भाग लेने पर रोक लगायी जाती है।

आदेश दिया जाता है कि उपरोक्त आशय की सूचना सभी संबंधित को अविलंब दिया जाये एवं सर्वसाधारण के सूचना हेतु इसे राज्य स्वास्थ्य समिति,बिहार के वेबसाईट पर भी उपलब्ध करा दिया जाये।

(कार्यपालक निदेशक)

ज्ञापांक 8499 पटना, दिनांक 01.12.14

**प्रतिलिपि** : प्रधान सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार को सादर सूचनार्थ प्रेषित।
**प्रतिलिपि** : सभी जिला पदाधिकारी/सभी पुलिस अधीक्षक को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपि** : अपर कार्यपालक निदेशक, राज्य स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ प्रेषित।
**प्रतिलिपि** : निदेशक प्रमुख, स्वास्थ्य सेवायें, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपि** : राज्य औषधि नियंत्रक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित करते हुए निदेशित है कि उक्त निर्माण संस्थान पर औषधि एवं अंगरांग अधिनियम 1940 एवं तत्संबंधी नियमावली 1945 के तहत नियमानुसार अभियोजन दायर कर प्रतिवेदित करना सुनिश्चित करें।
**प्रतिलिपि** : सभी क्षेत्रीय उपनिदेशक, स्वास्थ्य सेवायें को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।
**प्रतिलिपि** : प्रशासी पदाधिकारी/सभी वरीय उपसमाहर्ता, राज्य स्वास्थ्य समिति बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।
**प्रतिलिपि**: सभी अधीक्षक, चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल/निदेशक, इंदिरा गाँधी आयुर्विज्ञान संस्थान शेखपुरा पटना/निदेशक, इंदिरा गाँधी हृदय रोग संस्थान, पटना/प्राचार्य दंत चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पताल, पटना/सभी असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी/सभी अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

Contd..3

STATE HEALTH SOCIETY, BIHAR
राज्य स्वास्थ्य समिति, बिहार
परिवार कल्याण भवन, शेखपुरा, पटना - 800 014
Pariwar Kalyan Bhawan, Sheikhpura, Patna- 800 014,
Tel : 0612-2290340, 2281545, Fax: 2290322, website: www.statehealthsocietybihar.org

बिहार सरकार

NATIONAL RURAL HEALTH MISSION
राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन



**प्रतिलिपि** : अनुज्ञापन प्राधिकारी, औषधि नियंत्रण प्रशासन, पटना (शहरी) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : सभी जिला कार्यक्रम प्रबंधक/जिला लेखा प्रबंधक, जिला स्वास्थ्य समिति को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

**प्रतिलिपि** : M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. 61A. 62 Industrial Area No.-3. A B Road. Dewas 455001 (M.P.) /स्थानीय डीपो- M/s M/s Jajoo Surgicals Pvt. Ltd. Plot- 72. Friend's Colony. Road No.- 3. Ashiyana Nagar. Patna को सूचनार्थ एवं अनुपालनार्थ प्रेषित।

(कार्यपालक निदेशक)